आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 30.12.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- राज्य के सरकारी प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में अगले साल 8 मार्च तक छात्राओं के लिए शौचालयों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।
- अल्मोड़ा में सैलापानी के पास एक बस दुर्घटना में सात लोगों की मृत्यु, 12 घायल।
- केंद्र सरकार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड दृष्टिकोण को सुदृढ़ करने के लिए परिवर्तनकारी सुधारों को लागू करेगी।
- नए साल के जश्न को देखते हुए, पुलिस ने राज्य भर में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए।

मुख्य सचिव निर्देश

प्रदेश के सभी सरकारी प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में अगले वर्ष 8 मार्च तक छात्राओं के लिए शौचालयों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। इस संबंध में मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सचिवालय में आयोजित सचिव समिति की बैठक में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलाधिकारी भी जुड़े रहे।

मुख्य सचिव ने स्कूलों में शौचालयों की नियमित सफाई और उचित रखरखाव के लिए शीघ्र कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकांश विद्यालयों में शौचालय उपलब्ध हैं, लेकिन देखरेख की व्यवस्था न होने के कारण उनका समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है। शिक्षा विभाग को प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में शौचालय और उनकी सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

इसके साथ ही, मुख्य सचिव ने प्रदेशभर के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों को आदर्श आंगनवाड़ी केंद्रों की तर्ज पर विकसित करने तथा आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी विभागों और उनके जनपद स्तरीय कार्यालयों में 100 प्रतिशत ई–ऑफिस व्यवस्था लागू करने पर जोर दिया। साथ ही, आधार आधारित बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली को वेतन व्यवस्था से जोड़ते हुए इसे प्रदेशभर में लागू करने के लिए शीघ्र आवश्यक तंत्र तैयार करने के निर्देश भी दिए।

हादसा

अल्मोड़ा जिले के भिकियासैंण तहसील क्षेत्र के अंतर्गत विनायक के पास सैलापानी के पास एक वाहन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। वाहन में सवार सात लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि 12 अन्य घायल हो गए। वाहन में 19 यात्री सवार थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक पांच शवों को घटनास्थल से बाहर निकाला जा चुका है, जबकि दो अन्य मृतक की पुष्टि बाद में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन व राहत–बचाव दल मौके के लिए रवाना हुए। स्थानीय लोगों ने भी राहत और बचाव कार्य में अहम भूमिका निभाई। मौके पर पुलिस व रेस्क्यू टीम ने राहत और बचाव कार्य चलाया हुआ है। दुर्घटना पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुख व्यक्त किया है। श्री धामी ने मृतकों और घायलों के परिजनों को हर संभव सहायता करने का आश्वासन दिया।

अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण

प्रदेश सरकार ने राजभवन से मंजूरी मिलने के बाद अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण के गठन की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। शिक्षा व्यवस्था को लेकर प्रदेश सरकार ने बड़ा और निर्णायक कदम उठाया है। राज्य में वर्षों से संचालित मदरसा बोर्ड को समाप्त करने का फैसला कर लिया गया है। इसके स्थान पर उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण का गठन किया जाएगा, जिसके तहत सभी अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान एक समान शिक्षा प्रणाली से जुड़ेंगे। इसके लिए सरकार विभिन्न अल्पसंख्यक समुदायों से जुड़े शिक्षाविदों और बुद्धिजीवियों की तलाश कर रही है, ताकि बच्चों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप पाठ्यक्रम तैयार किया जा सके।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जुलाई 2026 से उत्तराखंड में सभी अल्पसंख्यक बच्चे एक समान शिक्षा प्रणाली के तहत शिक्षा प्राप्त करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी बच्चे राष्ट्रीय पाठ्यक्रम और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति से जुड़ेंगे।" गौरतलब है कि अल्पसंख्यक शिक्षा विधेयक–2025 को गैरसैंण में आयोजित मानसून सत्र के दौरान पारित किया गया था। इसके बाद राज्यपाल ने विधेयक को मंजूरी प्रदान की। हस्ताक्षर से पहले राज्यपाल ने विभिन्न अल्पसंख्यक समुदायों के प्रतिनिधिमंडलों से विस्तृत चर्चा की थी।

उच्च न्यायालय

उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय ने नैनीताल जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव में हुई हिंसा के मामले में दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य के पुलिस महानिदेशक को लापरवाह पुलिस अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं।

इस मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश जी.नरेन्द्र और न्यायाधीश सुभाष उपाध्याय की युगल पीठ में हुई। इस दौरान राज्य के अपर पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार न्यायालय में वर्चुअल पेश हुए।

नव वर्ष की तैयारी

प्रदेश में नववर्ष के जश्न को देखते हुए प्रदेश पुलिस ने अतिरिक्त सुरक्षा के प्रबंध किए हैं। इस क्रम में चम्पावत पुलिस ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। नववर्ष आयोजन के दौरान पर्यटको, आम जनमानस की सुरक्षा, सुगम व सुरक्षित यातायात के लिए जिलेभर के पर्यटक स्थलों में पुलिस को मुस्तैद किया गया है। जिले के पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने बताया कि इन आयोजन को दृष्टिगत सभी प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष को अपने थाना क्षेत्र अन्तर्गत विशेष सतर्कता बरतने तथा शान्ति सुरक्षा व कानून व्यवस्था के लिए समय से आवश्यक प्रबन्ध करने करने के लिए गोष्ठी करने के निर्देश दिए गये है।

परिवहन विभाग की ओर से इन आयोजनों को लेकर पूरी तैयारी कर ली गई है। इस संबंध में जिले के सहायक परिवहन अधिकारी मनोज बगोरिया ने बताया कि रात्रिकालीन यात्रा व कोहरे की संभावना को ध्यान में रखते हुए सभी वाहनों में रिफ्लेक्टर एवं सुरक्षा संकेतक सही ढंग से लगाए जाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि "पूर्णागिरि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा व्यवस्था के लिए इंतजाम करने के भी निर्देश दिए।

<u>दूरसंचार विभाग</u>

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि दूरसंचार विभाग दूरसंचार सुरक्षा को सशक्त बनाने, अनुपालन बोझ को कम करने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मेक इन इंडिया–मेक फॉर द वर्ल्ड दृष्टिकोण को बल प्रदान करने के लिए परिवर्तनकारी सुधार करने जा रहा है। श्री सिंधिया ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि प्रमुख सुधारों में मूल उपकरण निर्माताओं के लिए अस्थायी सुरक्षा प्रमाणन योजना का 2 साल के लिए विस्तार और दूरसंचार सुरक्षा परीक्षण प्रयोगशालाओं के लिए शुल्क में कमी शामिल है। श्री सिंधिया ने कहा कि इन सुधारों का उद्देश्य दूरसंचार सुरक्षा को सशक्त बनाना, अनुपालन बोझ में कमी लाना और सतत औद्योगिक विकास को सक्षम बनाना है।

<u>भारत की विकास यात्रा</u>

भारत की विकास यात्रा में वर्ष 2025 एक निर्णायक कालखंड है। इस वर्ष कल्याणकारी नीतियों ने प्रगति को जन्म दिया और मजबूत इरादों ने सार्थक परिणाम दिए। विशेष श्रृंखला 'सुधारों का वर्ष' में आज प्रस्तुत है 2025 में सांस्कृतिक क्षेत्र में भारत की प्रगति–

इस साल, भारत का सांस्कृतिक पुनर्जागरण निर्णायक रूप से राष्ट्रीय मुख्यधारा में शामिल हो गया है। यह वर्ष, देश के आध्यात्मिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण क्षण था, जब अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण पूरा हुआ। तो वहीं नवंबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक ऐतिहासिक क्षण के रूप में राम मंदिर के शिखर पर भगवा धर्म ध्वजा फहराया। यह वर्ष, इसलिए भी शानदार रहेगा क्योंकि दीपावली को यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया गया। इसी तरह, भारत के मराठा सैन्य परिदृश्यों को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया, जिससे वैश्विक विरासत शक्ति के रूप में देश की स्थिति काफी मजबूत हुई। सामूहिक भागीदारी की भावना से, राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ को एक साल तक चलने वाले उत्सव के रूप में शुरू किया गया। करीब एक करोड़ साठ लाख से अधिक नागरिकों ने अपनी प्रस्तुतियां रिकॉर्ड की।

प्रधानमंत्री– वन्दे मातरम् का मूल भाव है, भारत, माँ भारती। हमें इस सदी को भारत की सदी बनाना है। ये सामर्थ्य भारत के एक सौ चालीस करोड़ लोगों में है। हमें इसके लिए खुद पर विश्वास करना होगा।)

इस बीच, 2025 में आस्था और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति में जनभागीदारी अभूतपूर्व पैमाने पर पहुँच गई। प्रयागराज महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक तीर्थयात्रियों ने भाग लिया, जो वैश्विक धार्मिक सभा का एक कीर्तिमान स्थापित हुआ। इस साल देश ने अपने संस्थापक नेताओं का भी सम्मान किया। राष्ट्रीय एकता दिवस पर सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर विशेष सिक्के और डाक टिकट जारी करने सहित स्मारक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

साथ ही, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती भी मनाई गई। कुल मिलाकर, इन घटनाक्रमों ने 2025 को ऐसे वर्ष के रूप में रेखांकित किया, जहाँ भारतीय सभ्यता का आत्मविश्वास, एक दार्शनिक, सामूहिक और स्थायी अभिव्यक्ति में बदल चुका है। आदर्श और रोहन से साथ, सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली। आकाशवाणी देहरादून समाचार कक्ष से रविंद्र सिंह।